संख्या- 6/ 1524/14-4-2014-505/2013 टीसी

प्रेषक,

पवन कुमार,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

वन अनुभाग-4 , लखनऊ, दिनांक, 26 अगस्त, 2014

विषय- जनपद इटावा में निर्माणाधीन बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र व लॉयन सफारी योजना के संचालन हेतु पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-116/7-4 लॉयन सफारी (अधिष्ठान), दिनॉक 12 मई, 2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करे।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल जनपद इटावा में निर्माणाधीन बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र व लॉयन सफारी योजना के संचालन हेतु नीचे दी गयी तालिका में अंकित पदों के विवरण/वेतनमान के अनुसार 53 अस्थायी पदों के सजन की सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं:-

53 पदों के सृजन का विवरण

क्र0सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1	2	3	4
1.	क्षेत्रीय वनाधिकारी	1	पी0बी0-II 9300-34800 ग्रेड पे-4800
2.	फील्ड सुपरवाइजन (सहायक वन्य जीव प्रतिपालक)	2	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-2400
3.	सहायक फील्ड सुपरवाइजर (वन्य जीव रक्षक)	3	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-1900
4.	कीपर	16	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-1800
5.	स्वीपर	14	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-1800
6.	विद्युत मिस्त्री (पद धारक हाईस्कूल के साथ एक वर्षीय आई0टी0आई0 प्रमाण-पत्र की शैक्षिक अर्हता रखते हों)	1	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-1900
7.	आशुलिपिक	1	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-2800
8.	कनिष्ठ सहायक (बुकिंग कार्य हेतु)	1	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-2000
9.	चौकीदार	07	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-1800
10.	गेटकीपर	03	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-1800

http://shasanadesh.up.nic.in

11.	माली	04	पी0बी0-I 5200-20200 ग्रेड पे-1800
	योग-	**53**	

3- उपर्युक्त पदों के धारकों को उनके संगत वेतनमानों में शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अन्तर्गत मंहगाई भत्ता व अन्य भत्ते, जो अनुमन्य हों, देय होंगे।

4- उपर्युक्त पद के उपयोग में लाये जाने की तिथि से अथवा इन आदेशों के जारी होने की तिथि, जो भी बाद में हो, उनके सम्मुख अंकित वेतनमान में दिनॉक 28-2-2015 तक के लिए इस शर्त के साथ स्वीकृत प्रदान की जाती हे कि ये उक्त पद निर्दिष्टि तिथि के पूर्व भी बिना किसी सूचना के समाप्त किये जा सकते हैं।

5- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-60 लेखाशीर्षक-2406-वानिकी तथा वन्य जीव-आयोजनागत-02-पर्यावरण वानिकी तथा वन्य जीव-110-वन्य जीव परिरक्षण-12- जनपद इटावा में बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र व लॉयन सफारी पार्क का विकास के सुसंगत मानक मदों के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-7-1097/दस-2014 दिनांक 22 अगस्त, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(पवन कुमार)
सचिव।

संख्या-1524 (i) /14-4-2014, तदिदनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3- मुख्य वन संरक्षक, प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/5
5- नियोजन अनुभाग-5
6- वित्त वेतन आयोग-1/2/3
7- वन अनुभाग-1/2/3/5
8- अनुभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(शहजादे लाल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in